**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to construct flyover on NH-27(28) and a bridge over Gandak river in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** मैं माननीय सड़क परिवहन एंव राज मार्ग मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज ईस्ट-वेस्ट कोरीडोर NH - 27 (28) की ओर दिलाना चाहता हूँ  जिसमें एक फ्लाई ओवर का निर्माण कई सालों से बंद पड़ा है। यह फ्लाई ओवर गोपालगंज के बंजारी मोड से लेकर हजियापुर तक है। फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं होने से गोपालगंज शहर में घंटों गाड़ियों की लंबी जाम लगी रहती है।

ट्रक जो कि अलग-अलग राज्यों के लिए essential commodities लेकर इस मार्ग से बंगाल तथा उत्तरपूर्व के राज्यों में जाते हैं, घंटों तक जाम में फंसे रहते है। जिसके कारण शहर में Air Pollution की भी समस्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ साथ NH - 28 के गंडक नदी पर डुमरियाघाट पुल का निर्माण भी बरसों से अधूरा पड़ा है। निर्माण या रिपेयर का कार्य शुरू नहीं होने की स्थिति में कभी भी भयंकर दुर्घटना घट सकती है। मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में NH के जहां जहां फ्लाई ओवर बना हुआ है उसमें एवं उसके सर्विस लेन में एक से दो फीट तक गड्डे बन गए हैं।

मैं माननीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उपरोक्त कार्यों के लिए कई महीने पहले ही पैसा स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन आजतक NHAI द्वारा कार्य को शुरू नहीं किया गया है।

मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि बरसों से बंद पड़े फलाई ओवर एंव डुमरियपुल का तथा अन्य मरम्मत कार्य को शुरू करने के लिए निर्देश देने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद,